दिन– गुरूवार

दिनांक– 22 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य शौर्य की सराहना की। कहा – दुशमनों ने देखा सिंदूर जब बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है।

02. प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिकानेर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से थावे और पीरपैंती समेत देशभर के एक सौ तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

03. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा – बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा सिर्फ नीतीश कुमार ही हैं।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी और बारिश के कारण जन जीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश की आशंका।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। राजस्थान के बिकानेर में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा। श्री मोदी ने कहा कि देश के दुशमनों ने देख लिया कि सिंदूर जब बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के लिए तीन सूत्रों का भी जिक्र किया। पहला भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो करारा जवाब मिलेगा। समय और तरीका हमारी सेना तय करेगी।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि भारत ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को हर आतंकी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो

व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी।

———बाइट———

पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा न टॉक। अगर बात होगी, तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की और अगर पाकिस्तान ने आतंकियों के सपोर्ट करना जारी रखा, तो उसको पाई–पाई के लिए मोहताज होना होगा और दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती है।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार समेत अठारह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित एक सौ तीन रेलवे स्टेशनों का उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने देश की बढ़ती आर्थिक शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में आधुनिक इन्फास्ट्रक्चर बनाने का महायज्ञ चल रहा है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढाँचा बनाने के लिए कई बड़ी पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे से व्यापार, पर्यटन और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा जीवन आसान होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत आज अपने रेल नेटवर्क को भी आधुनिक बना रहा है। उन्होंने कहा कि रेल की बढ़ती गति ने प्रगति का एक नया मार्ग खोल दिया है।

———बाइट———

———————————————————————————————

आज जिन स्टेशनों का उद्‌घाटन हुआ है। उनमें भागलपुर जिले का पीरपैंती और गोपालगंज जिले का थावे जंक्शन भी शामिल है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित पीरपैंती पूर्व रेलवे का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इस स्टेशन का लगभग उन्नीस करोड़ रुपये की लागत से विकास किया गया है। इस स्टेशन को एनएसजी–फाइव श्रेणी में वर्गीकृत कर बनाया गया है। उद्‌घाटन के अवसर पर आज स्टेशन परिसर को भव्य रूप से सजाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पीरपैंती विधायक ललन पासवान, कहलगांव विधायक पवन यादव और रेलवे के डीआरएम मौजूद रहें। गोपालगंज का थावे जंक्शन पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र में आता है। प्राचीन शक्तिपीठ के लिए मशहूर थावे जंक्शन का विकास लगभग बारह करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर– एक दो और तीन का विस्तार किया गया है। साथ ही स्टेशन पर टिकट बुकिंग कार्यालय और प्रतिक्षालय का नवीनीकरण समेत अन्य यात्री सुविधाएं बेहतर की

गयी हैं। इस अवसर पर थावे जंक्शन पर आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, सतीश चंद्र दुबे, भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से बैजू कुमार झा।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोग भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल हुए।

———————————————————————————

इस बीच, पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि आने वाले दिनों में कई और स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा।

———बाइट———

———————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल जमालपुर रेल इंजन कारखाना परिसर में अठ्हत्तर करोड़ रूपए से अधिक की लागत वाले वैगन–पीओएच स्थल की आधारशिला रखेंगे। इस भवन के बनने के बाद रेल कारखाने की वैगन मरम्मत की क्षमता बढ़ जाएगी।

———————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत का रूख स्पष्ट करने के लिए गठित बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की यात्रा कर रहा है। ऐसा ही एक दल जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में जापान पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात की। जदयू सांसद श्री झा ने कहा कि हमलोगों ने भारत की बात बहुत मजबूती से रखी है। उन्होंने बताया कि जापानी प्रतिनिधि ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की रूख की सराहना की है।

———बाइट———

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार में डबल इंजन की सरकार लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बिहार का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है।

———बाइट———

———————————————————————————

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा है कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के समर्थन में प्रचार करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री अठावले ने कहा कि उनकी पार्टी किसी सीट की मांग नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा सिर्फ नीतीश कुमार ही हैं।

———बाइट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उनतीस मई को होने वाले दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर तैयारियां जोर–शोर से की जा रही है। प्रधानमंत्री उनतीस मई को पटना के जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्‌घाटन करेंगे। जबकि तीस मई को रोहतास के बिक्रमगंज में सभा को संबोधित करेंगे। रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बिक्रमगंज प्रखंड के मुरैना पंचायत में दुर्गाडीह गांव के पास प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की आज समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर वैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था, मंच निर्माण, हेलीपैड निर्माण, सोशल मीडिया निगरानी समेत विभिन्न विषयों को लेकर गठित टीमों के प्रमुखों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकी टाईगर रिजर्व के हरनाटॉड रेंज अंतर्गत गर्दी दोन क्षेत्र में एक बाघिन की मौत हो गयी। टाईगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर नेशामणि के. ने चार साल की एक बाघिन की मौत की पुष्टि की है। श्री नेशामणि ने स्वयं इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया घटना का कारण दो बाघों के बीच भिड़ंत प्रतीत हो रहा है। क्षेत्रीय निदेशक ने इसकी रिपोर्ट वन विभाग को भेज दी है। उन्होंने इस संबंध में विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

———————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि पंद्रह जून तक राज्य में भूमिहीनों को जमीन देने के लिए चिन्हित करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। श्री सरावगी ने समस्तीपुर में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इसके लिए प्रदेश के सभी दलित और महादलित टोलों में विशेष शिविर लगाया जाएगा।

———बाइट———

———————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी और बारिश के कारण जन जीवन पर असर पड़ा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, रोहतास, भभुआ और औरंगाबादा समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज और कल भी प्रदेश के इन्हीं भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अन्य भागों में कहीं–कहीं हल्की बर्षा होने की संभावना है।

———————————————————————————————

दरभंगा की विशेष अदालत ने अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए हैं। विधायक के खिलाफ वर्ष दो हजार उन्नीस में मारपीट का मामला दर्ज किया गया था।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना के अदम्य शौर्य की सराहना की। कहा – दुशमनों ने देखा सिंदूर जब बारूद बन जाता है, तो नतीजा क्या होता है।

02. प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिकानेर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से थावे और पीरपैंती समेत देशभर के एक सौ तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

03. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा – बिहार में मुख्यमंत्री का चेहरा सिर्फ नीतीश कुमार ही हैं।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में आंधी और बारिश के कारण जन जीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश की आशंका।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।